www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार,5 अप्रैल 2026

## सुविचार



"जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है, उसी तरह मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है"।

-रवींद्रनाथ टैगोर

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


■ युवती से छेड़छाड़, एसिड अटैक की धमकी II
■ आज 15 रंगकर्मियों का सम्मान, 8 दिन होंगे नाटक III
■ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : नेशनल पीजी कॉलेज में जुटेंगे दिग्गज IV


## शहर में आज

- भारतेंदु नाट्य अकादमी के गोमतीनगर कार्यालय में अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन- 11 :00 बजे।
- रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में स्टेट लेवल रिफ्रेशर कोर्स एवं सीएमई कार्यक्रम- 2 :00 बजे से।
- गीता भवन राजाबाजार में लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से श्रीमद्भागवत कथा- 3 :00 बजे से।
- फैजाबाद रोड स्थित हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान तथा विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से चैती महोत्सव- 4 :00 बजे से
- इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स इंडिया सभागार रिवर बैंक कालोनी में नेशनल मेरीटाइम डे का आयोजन- 4 :30 बजे से।
- वृंदावन योजना के मलिक काम्पलेक्स ओपन प्रांगण में तरंगी सम्मान समारोह का आयोजन- 6 :00 बजे से।
- रायबरेली रोड स्थित वृंदावन योजना के मलिक काम्प्लेक्स में जेपीएस स्टार 11 की ओर से सतरंगी सम्मान समारोह- 6 :30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम सदन की सामान्य बैठक 15 को

**अमृत विचार ,लखनऊ :** नगर निगम सदन की सामान्य बैठक 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हाल में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में शहर के विकास के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही शहर के मार्गों और चौराहों के नामकरण के प्रस्ताव पर मुहर लगेगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को समारोह आयोजित कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को विदाई दी गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने राजेश कुमार वर्मा प्रवक्ता, आलोक सिंह लेखाकार समेत सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर नगर निगम के लेखा विभाग में कार्यरत द्वितीय श्रेणी लिपिक व पेंशन पटल सहायक रामबाबू के 3 अप्रैल को आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्षद रंजीत सिंह, राम नरेश रावत, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य लेखा अधिकारी महामिलिंद समेत नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिना सहमति स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर की जाए कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने और नए कनेक्शनों में इसे अनिवार्य किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद ने इस मामले में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल को पत्र भेजकर पावर कॉरपोरेशन और बिजली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि जबरन प्रीपेड मीटर लगाना विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47( 5 ) का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि प्रीपेड और पोस्टपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में नियमों की अनदेखी की जा रही है। परिषद ने मांग की है कि जिन उपभोक्ताओं के यहां बिना सहमति प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं, उन्हें वापस पोस्टपेड मोड में बदला जाए और नए कनेक्शनों में प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त की जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

# चारबाग रेलवे स्टेशन के चार प्लेट फार्मों का होगा विस्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 22 से 24 कोच वाली ट्रेनें आसानी से खड़ी हो सकेंगी

**अमृत विचारः** चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2, 3, 4 और 5 की लंबाई बढ़ाई जाएगी। अभी प्लेटफार्म नंबर 1 में ही फुल रैक ट्रेनें आसानी से आ पाती हैं। प्लेटफार्मों का विस्तार होने के बाद 22 से 24 कोच वाली ट्रेनें इन प्लेटफार्म पर आसानी से खड़ी हो सकेंगी। 51 अन्य स्टेशनों के प्लेटफार्म भी बढ़ाए जाएंगे।

प्लेटफॉर्म छोटे होने का असर पार्सल सेवाओं पर भी पड़ता है। कई बार पार्सल वैन प्लेटफॉर्म से बाहर रह जाती है, जिससे बिना अनलोडिंग के ही ट्रेन को रवाना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म विस्तार के बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में सुधार आएगा। रेलवे ने इस परियोजना के लिए करीब 198 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। पहले चरण में उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों को शामिल किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अप्रैल के अंत तक निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सर्वे के मुताबिक, प्लेटफॉर्मों की लंबाई 300 से 500 मीटर तक बढ़ाई जाएगी, जिससे उनकी कुल लंबाई 1200 से 1500 मीटर तक पहुंच जाएगी और यात्रियों का सफर अधिक सुगम हो जाएगा।



रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत एक महीने बाद भी दूर नहीं हो पाई है। अभी भी लोगों को सिलेंडर लेने के लिए तेज धूप में परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को डालीगंज इलाके की एजेंसी पर खाली सिलेंडर के साथ गैस मिलने का इंतजार करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# गंदगी मिलने पर दो बीट इंचार्ज नपे, तीन संस्थाओं पर जुर्माना

## प्रभारी मंत्री ने एक बीट इंचार्ज और एक एसएफआई का वेतन काटने का भी दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर का निरीक्षण करने निकले प्रभारी मंत्री को कई जगह गंदगी और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में अनियमितता मिली। इस पर दो बीट इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया और एक बीट इंचार्ज व एसएफआई का वेतन काटने का आदेश दिया गया। सफाई के लिए जिम्मेदारी एक संस्था पर एक लाख और दो पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

जिले के प्रभारी और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री लखनऊ सुरेश खन्ना ने शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ जोन-7 के चार वार्डों का औचक निरीक्षण किया। भूतनाथ मार्केट के पीछे कॉलोनी में गंदगी मिली। इस पर उन्होंने एसएफआई संचिता मिश्रा को फटकार लगाई और उनका दो दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। कार्यदायी संस्था मदर स्वच्छकार इंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाने और बीट इंचार्ज दयाराम को निलंबित करने का आदेश दिया। मंत्री और महापौर ने स्थानीय नागरिकों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर भी फीडबैक लिया। इसमें भी अनियमितता की शिकायतें मिलीं।

अरविंदो पार्क के पीछे गलियों में भी सड़क पर कूड़ा मिला। इस लापरवाही पर महापौर ने नाराजगी जताई और लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बीट इंचार्ज राम मनोज का तीन दिन का और एसएफआई रूपेंद्र भास्कर का दो दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन, रोड स्वीपिंग एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा में स्थिति खराब मिली। इस पर बीट इंजार्च बृजेश को निलंबित कर दिया गया। सफाई में लापरवाही पर लॉयन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज पर 50,000 रुपये जुर्माना लगाया। सेक्टर 14 तिराहे पर सड़क पर लोहे की रॉड लगा मिला।मंत्री ने 24 घंटे में उसे हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, मनोज प्रभात, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान इंदिरानगर की एक नाली में घास उगी देखकर संबंधित अधिकारी को फोन कर फटकार लगाते जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में महापौर सुषमा खर्कवाल और अधिकारी। अमृत विचार

### असमिया गए विधानसभा चुनाव में वोट डालने 15 दिन नहीं उठेगा शहर के घरों से कूड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम में आउटसोर्सिंग पर सफाई कार्य में लगे असम के कर्मचारी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए चले गए हैं। इससे लगभग 3 लाख घरों से कूड़े का उठान नहीं हो पा रहा है। इससे गलियों में कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं। लगभग 15 दिन इन घरों से कूड़ा उठान होने की संभावना भी नहीं दिख रही है। इस अवधि में कूड़ा उठवाने और सफाई के लिए भवन स्वामियों को फोन पर नगर निगम में शिकायत करनी पड़ेगी तब सफाई कर्मचारी कूड़ा लेने घर जाएंगे। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम असम के कर्मचारियों पर निर्भर हो गया है। असम के कर्मचारियों की संख्या अधिक होने से इनके एक साथ अवकाश पर जाने से सफाई व्यवस्था पटरी से उतर जाती है। कार्यदाई संस्थाओं के माध्यम से इनको रखा गया है। एनआरसी के बाद से असम के नागरिक चुनावों में वोट डालने जाने लगे हैं। नगर निगम के 5 जोन में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी और 3 जोन में लॉयन इनवायरो के पास है। एलएसए के पास असम के करीब 1500 और लॉयन इलवायरो के पास एक हजार से अधिक ड्राइवर और सफाईकर्मी हैं। इनके छुट्टी पर चले जाने से सफाई हो पाती है न कूड़ा समय पर उठ पाता है।

### कूड़ा उठान और सफाई के लिए इन नंबरों पर करें फोन

- नगर निगम कंट्रोल रूम - 9219902911, 921990912, 921990913, 921990914
- टोल फ्री नंबर - 1533
- लखनऊ स्वच्छता अभियान (जोन 1, 3, 4, 6, 7) टोल फ्री नंबर : 18001234999
- लायन एनवायरो (जोन 2, 5, 8) टोल फ्री नंबर : 18002026172

### तीन दिवसीय गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व आज से

**अमृत विचार,लखनऊ :** सिख धर्म के 9वें गुरु तेग बहादुर का 405वां प्रकाश पर्व 5, 6 और 7 अप्रैल को एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुद्वारा मानसरोवर के मीडिया प्रभारी गगनदीप सिंह बग्गा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा मानसरोवर को लाइटों, फूलों और गुब्बारों से सजाया जायेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार 4 अप्रैल को सुबह दीवान समाप्ति के बाद निशान साहिब के चोले की सेवा की गई। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे अखण्ड पाठ शुरू होगा। जिसकी समाप्ति 7 अप्रैल को सुबह 8 बजे होगी। 6 अप्रैल को शाम 6 :30 बजे से रात 10 :30 बजे तक और 7 अप्रैल को शाम 6 :30 बजे से रात 11 बजे तक कीर्तन दीवान सजेगा। इस अवसर पर दरबार साहब वाले जगतार सिंह, ज्ञानी परमजीत सिंह, हजूरी रागी हरविन्दर सिंह , सभी साध संगतों को गुरवाणी, कीर्तन व कथा से निहाल करेंगे।

आस्था

### इस बार ज्येष्ठ महीने में आठ बड़े मंगलवार, उपासना और भंडारे

**अमृत विचार,लखनऊ :** इस वर्ष अधिमास के कारण ज्येष्ठ माह 60 दिनों का होगा। काशी पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। इस दौरान कुल आठ बड़े मंगलवार पड़ रहे हैं, जिनमें भक्तगण पूरे श्रद्धा भाव से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करेंगे। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार मई माह में 5, 12, 19 और 26 तारीख को तथा जून में 2, 9, 16 और 23 तारीख को बड़े मंगल पड़ेंगे। अधिक ज्येष्ठ मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस दौरान 19 और 26 मई तथा 2 और 9 जून को अधिक ज्येष्ठ मंगल पड़ेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में पूजा करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि बड़े मंगल के दिन व्रत रखकर और विधि-विधान से पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। इस दिन हनुमान जी की आराधना करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

# बारिश और हवा ने गुल कर दी बिजली

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में शाम को तेज हवा के साथ हुई बारिश से गर्मी से तो राहत दी लेकिन बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। कई इलाकों में तारों के टूटने, शार्ट सर्किट, पेटीफ्यूज और ट्रांसफार्मरों में खराबी आने से डेढ़ से दो घंटे तक बिजली गुल रही।

लखनऊ में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह बादल तो दोपहर में तेज धूप निकल आई। शाम को अचानक घने बादल छा गए और हवा संग बारिश शुरू हो गई। शाम 6 बजे से शुरू हुई हल्की बारिश रुक-रुककर होती रही, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 35.6 डिग्री पहुंच गया। लगभग 2 घंटे में 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी है। रविवार को भी कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। एक से दो बार 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाओं संग बारिश की संभावना है। बारिश से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में पाकिस्तान के आस-पास चक्रवाती परिसंचरण एवं निचले क्षोभमंडल में पंजाब पर बने चक्रवाती परिसंचरण के संयुक्त प्रभाव से बेमौसम बारिश हुई है। रविवार दोपहर बाद से बारिश में कमी होगी। इसके बाद 7-9 अप्रैल को एक बार फिर बारिश होने की संभावना है। हवा और बारिश के कारण फैजुल्लागंज सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडरों को एहतियातन बंद करना पड़ा। इससे अलीगंज, त्रिवेणी नगर, खदरा समेत कई इलाकों में अंधेरा छा गया। जानकीपुरम में भी आपूर्ति ठप रही। बारिश रुकने पर टीमों ने कई जगह फाल्ट ठीक किए। सरोजनीनगर स्थित गहरु पावर हाउस के हरौनी फीडर की आपूर्ति एक घंटे तक ठप रही। इटौंजा विद्युत उपखंड क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते करीब दो घंटे बिजली गुल रही। उधर नगराम क्षेत्र में हालात और गंभीर रहे, जहां तेज हवा के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूटकर गिर गए। समेसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े समेसी, बहरौली, नगराम और मीरख नगर फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। इसके चलते करीब 200 गांव अंधेरे में डूब गए।



हजरतगंज में बारिश के बीच से निकलते वाहन। अमृत विचार

### आकाशीय बिजली गिरने से उपकरण फुंके

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** शनिवार शाम तेज बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सरोजनीनगर क्षेत्र के चिल्लावां इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से कई दुकानों के बिजली उपकरण खराब हो गए। शनिवार शाम करीब 7 :30 बजे तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। इससे अल्ताफ रेडीमेड गारमेंट दुकान में लगे पंखे, एलइडी बोर्ड ,बल्ब और ट्यूबलाइट समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुंक गए। इसी के पड़ोस में आजाद नगर निवासी परवीन की न्यू पूजा बर्तन भंडार दुकान में भी इनवर्टर, पंखा सहित कई उपकरण खराब हो गए। राज जायसवाल के जनरल स्टोर का पंखा, यादव डेरी का पंखा भी जल गया।

लापरवाही

## चार स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक नहीं, सीएमओ कार्यालय में तैनात 12 विशेषज्ञ सेवा देने के बजाय अफसरी में मस्त

# चिकित्सक प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त, अस्पतालों से लौट रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। एक ओर जहां शहर के चार प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की कमी बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में तैनात विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का इलाज करने के बजाय प्रशासनिक कार्यों में लगे हुए हैं। अस्पतालों में मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ रहा है।

दौलतगंज के शांति नगर, ट्रांसपोर्टनगर, अमराई इंदिरानगर और गोमतीनगर के भरवारा स्थित स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। इन केंद्रों पर रोजाना 10 से 20 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण उन्हें अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

सीएमओ कार्यालय में एडिशनल और डिप्टी सीएमओ समेत कुल 12 डॉक्टर प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। इनमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन, चेस्ट विशेषज्ञ और आर्थोपैडिक डॉक्टर शामिल हैं। एक दो को छोड़कर ज्यादातर विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवा नहीं दे रहे। जबकि शासनादेश के मुताबिक, इन डॉक्टरों को सप्ताह में कम से कम दो दिन मरीजों को चिकित्सकीय सेवा देनी चाहिए, लेकिन इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। स्थिति यह है कि कई सर्जन वर्षों से ऑपरेशन थिएटर तक नहीं पहुंचे हैं। लगातार प्रैक्टिस न होने के कारण उन्हें सर्जरी करने में त्रुटि का डर सता रहा है।

मासिक रिपोर्ट में भी उनका कार्य शून्य दर्ज हो रहा है, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सीएमओ कार्यालय में तैनात डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ (डीसीएच) धारक दो डॉक्टर भी वर्षों से बच्चों के इलाज से दूर हैं और केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

पहले इन्हें अलीगंज सीएचसी में हफ्ते में दो दिन सेवाएं देने के लिए संबद्ध किया गया था, लेकिन समय के साथ यह व्यवस्था भी ठप हो गई। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि प्रशासनिक पदों पर कार्यरत डॉक्टरों को सप्ताह में दो दिन चिकित्सा सेवा देने का आदेश है। इस संबंध में सीएमओ को पत्र भेजकर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

### विधायक ने सीएमओ पर लगाए गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधायक रविदास मेहरोत्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों की तैनाती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में विधायक ने आरोप लगाया है कि जनवरी में इंटरव्यू से ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिन्होंने विदेश और निजी मेडिकल कॉलेजों से महंगी एमबीबीएस की पढ़ाई की, लेकिन ईडब्ल्यूएस कोटे का प्रमाण पत्र बनवाकर खुद को गरीब दर्शाया। आरोप है कि इन अभ्यर्थियों का चयन बिना समुचित सत्यापन के कर लिया गया और बाद में जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, विधायक ने यह भी कहा कि सीएमओ कार्यालय में लेवल-1 ग्रेड के डॉक्टर की तैनाती की गई, जबकि इस पद का कोई प्रावधान ही नहीं है। अन्य कई अनियमितताओं का भी जिक्र करते हुए उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सीएमओ के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने जांच अपर निदेशक, लखनऊ मंडल को सौंप दी है। अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता का कहना है कि विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

### 11 को जुटेंगे प्रदेश भर के फार्मासिस्ट

**अमृत विचार,लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन (डीपीआरए) के प्रांतीय अधिवेशन व चुनाव को लेकर महानिदेशालय ने 10 और 11 अप्रैल को दो दिवसीय विशेष अवकाश घोषित किया है। इससे प्रदेशभर के फार्मासिस्टों में उत्साह बढ़ गया है और अधिवेशन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित मानी जा रही है।जिला मंत्री राजीव कनौजिया के अनुसार, जारी आदेश के तहत सभी जनपदों में कार्यरत फार्मासिस्टों व चीफ फार्मासिस्टों को अधिवेशन में शामिल होने के लिए विशेष अवकाश मिलेगा। प्रांतीय अध्यक्ष जेके सचान की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार अधिवेशन 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होटल हिन्द पैलेस में होगा।

## सिटी ब्रीफ

### बाइकर्स ने महिला से लूटी चेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा के जानकीपुरम सेक्टर-एच में बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला की चेन लूट ली। लुटेरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि उनकी पत्नी 56 वर्षीय मीना कुमारी 30 मार्च की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे सब्जी लेने गयी थी। मीना के साथ में पड़ोसी प्रभा पांडेय भी थी। घर से कुछ दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मीना की चेन खींच ली। पीड़िताओं ने मदद के लिए शोर मचाया। जब तक राहगीर जुटते बदमाश सद्भावना अस्पताल की तरफ फर्राटा भरते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो बाइक सवार लुटेरों की करतूत कैद हुई। 2 अप्रैल को विजय शंकर ने लूट की तहरीर पुलिस को दी। गुडंबा पुलिस ने तहरीर के आधार पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नर्सिंग अधिकारी का पर्स लूटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल की नर्सिंग अधिकारी का पर्स लूटने वाले बदमाश को वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया पर्स व तीन मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस फरार साथी की तलाश में दबिशें दे रही है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नर्सिंग अधिकारी शीतल सुशील ने 30 मार्च को पर्स लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली तो लुटेरों की करतूत कैद मिली। छानबीन के दौरान पुलिस ने शनिवार को रेजीडेंसी के पास से एक बदमाश को दबोच लिया। आरोपी सद्दाम बाजारखाला के गिरधारी इंटर कॉलेज के पास रहता है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### मंदिर में मोबाइल चुराने वाला धरा गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंदिर में भक्त का मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि 2 अप्रल को रवि प्रकाश मिश्र ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया कि 31 मार्च की देर शाम वे संतोषी माता मंदिर में पूजा कर रहे थे। इस दौरान मोबाइल कूलर पर रखा था। जो चोर ने पार कर दिया था। छानबीन के दौरान पुलिस ने वंश त्रिपाठी निवासी गोपाल गिरधर गली चौक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में चार मामले दर्ज हैं।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट में शनिवार को युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से बिहार के बक्सर पियरा राजपुर गांव निवासी निशा सिंह यादव (26) बसंत विहार कॉलोनी कमता में काशीनाथ शुक्ला के मकान पर किराए पर रहती थी। निशा एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे निशा के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने निशा को आवाज दी। लेकिन कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। मकान मालिक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पर चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर निशा पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस को मृतका का मोबाइल मिला। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजन को दे दी है।

### जालसाजों ने बुजुर्ग से 4.82 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी 60 वर्षीय सूर्य प्रकाश शर्मा ने यूट्यूब पर केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम से विज्ञापन देखा। उसमें क्वांटम एआई प्लेटफार्म पर 21 हजार लगाने पर मुनाफे की बात कही गई। पंजीकरण कराने के 5 मिनट बाद एक फोन आ गया। फोन करने वाले ने जानकारी हासिल कर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व भारतीय स्टेट बैंक के खातों से कई बार में 4,82,164 रुपये ट्रांसफर कराए। पीड़ित ने गुडंबा थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चिनहट के हारूनी मस्जिद के पास रहने वाले मजहरुद्दी के पास 21 मार्च को आरटीओ चालान का मैसेज आया। मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक किया, फिर बंद कर दिया। रात में अमेजॉन एप को एक्सेस करने का प्रयास किया तो आईसीआईसीआई बैंक खाते से दो बार में 1.30 लाख रुपये निकल गए। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# कमरे में रायफल सफाई के दौरान चली गोली, बैंककर्मी की मौत

## फॉरेंसिक टीम ने पुलिस संग की घटनास्थल पर छानबीन, जानकीपुरम के पिंक सिटी इलाके की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम स्थित मिर्जापुर पिंक सिटी में शनिवार सुबह कमरे में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्लर्क की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। उनका खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। गोली ठुड्डी को चीरते हुए सिर को भेदकर निकल गयी। पुलिस ने मौके से 315 बोर की रॉयफल व मैग्जीन बरामद की है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर छानबीन की। पुलिस का दावा है कि रॉयफल साफ करते समय गोली चलने से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



प्रकाश मिश्र व बैंक का फाइल फोटो।

हरदोई के आलू थोक के मूल निवासी प्रकाश मिश्र (50) जानकीपुरम के पिंक सिटी मिर्जापुर में पत्नी रश्मि मिश्रा के साथ रहते थे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रभात चौराहा महादेव होटल शाखा में क्लर्क के पद पर कार्यरत प्रकाश की बेटी सांगी उर्फ शालिनी मिश्रा की शादी उन्नाव में हुई है और बेटा स्पर्श मिश्रा कानपुर स्थित पीएसआईटी से बीटेक कर रहा है। पत्नी रश्मि ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9:00 बजे वह खाना बना रही थी और नौकरानी बर्तन धुल रही थी। इसी बीच तेज आवाज आई, रश्मि को लगा कि कुछ गिरा है। उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो प्रकाश खून से लथपथ हालत में बेड पर पड़े थे। पास में ही जमीन पर रॉयफल पड़ी थी। जमीन पर गिरने से रॉयफल की बट टूट गई थी। पति का शव देख वह चिल्लाई और उनकी भी तबियत बिगड़ गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पड़ोसी वैभव श्रीवास्तव ने डॉयल-112 पर सूचना दी। कुछ देर में एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र और इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी पहुंचे गए। फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई। खोखा रॉयफल में फंसा था। गोली प्रकाश की ठुड्डी को चीरते हुए सिर को भेदकर निकल गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला। एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र का कहना है कि छानबीन में सामने आया कि रॉयफल की सफाई के दौरान गोली चली थी। परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाया है। जांच की जा रही है। वहीं आस-पड़ोस के लोग चर्चा कर रहे थे कि चार-पांच दिन पहले परिवार में कुछ कहासुनी हुई थी, तभी प्रकाश मिश्रा ने रॉयफल को लोड किया था।बैंक कर्मी की मौत की जानकारी जब नाते-रिश्तेदारों ने कानपुर में पढ़ाई कर रहे बेटे स्पर्श को दी। यह सुनकर वह बेसुध हो गया। बेटा आनन-फानन में लखनऊ घर पहुंचा। वहां पिता का शव लहूलुहान देखकर स्पर्श दंग रह गया। बेटे के आने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बैंक कर्मी की मौत की जानकारी पत्नी को नहीं दी गई है।

### चार दिन पहले विवाद

- मृतक प्रकाश मिश्रा के परिवार में चार-पांच दिन पहले कहासुनी होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि उसी दौरान उन्होंने राइफल लोड की थी। हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और फिलहाल मामले को हादसा मानकर जांच की जा रही है।

### एयरफोर्स से 13 साल पहले हुए थे सेवानिवृत्त

- ससुर ईश्वर चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रकाश एयरफोर्स में नौकरी करते थे। वर्ष 2013 में वह एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद यूनियन बैंक में क्लर्क की नौकरी करने लगे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवती से छेड़छाड़, एसिड अटैक की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शादी डॉट कॉम पर हुआ था संपर्क, नशे की लत का पता चलने पर युवती ने कर दिया था ब्लॉक
- 50 दिन जांच के बाद हजरतगंज पुलिस ने दर्ज की छेड़छाड़, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** शादी डॉट कॉम पर दोस्ती होने पर युवक की बुरी सोहबत का पता चलने पर युवती ने शादी से इंकार कर दिया। इसपर आरोपी ने युवती को कॉल व मैसेज से परेशान करना शुरु कर दिया। विरोध पर छेड़छाड़ कर सरेराह मोबाइल छीनकर एसिड अटैक की धमकी दी। कई बार वूमेन पॉवर लाइन ने आरोपी को वॉर्निंग दी लेकिन रवैया नहीं बदला। लगातार युवती व मंगेतर को धमकी मिलने के चलते 1090 ने मामले को हजरतगंज पुलिस को भेज दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नरही निवासी 25 वर्षीय युवती ने शादी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाई थी। जिस पर उसका संपर्क आशीष गौतम निवासी कृष्णापल्ली आलमबाग से हुआ। आशीष ने बताया था कि वह नशे से दूर रहता है। नशे की लत का पता चलने पर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद वह अन्य नंबरों से फोन और मैसेज कर धमकाने लगा। ड्यूटी पर जाने के दौरान रास्ते में रोककर भी धमकाया। पुलिस को फोन करने का प्रयास करने पर मोबाइल छीन ले गया। मोबाइलसे मंगेतर व रिश्तेदारों के नंबर निकाल लिए। पुलिस में शिकायत करने पर एसिड डालने और चैट वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। 1090 पर शिकायत करने पर फोन व मैसेज करना बंद कर दिया। कुछ दिन बाद दूसरे नंबर से कॉल कर अगवा करने की धमकी दी। 26 नवंबर 2025 को मंगेतर को फोन कर इंदौर के कारोबारी की तरह हत्या की धमकी देकर इंस्टाग्राम वीडियो का लिंक भेजा। 1090 ने गंभीरता से लेते हुए केस को हजरतगंज कोतवाली भेजा। 1 दिसंबर को चौकी प्रभारी नरही ने आशीष को बुलाकर वार्निंग दी तो माफी मांग ली, लेकिन पांच दिन बाद ऑफिस स्टॉफ को मैसेज किया कि युवती से बोल दो शादी की तो विधवा कर दूंगा। 24 दिसंबर को मंगेतर को व्हाट्सएप कॉल कर धमकाया। पीड़िता ने 10 फरवरी को हजरतगंज कोतवाली में शिकायत की। करीब 50 दिन की जांच के बाद हजरतगंज पुलिस ने 3 अप्रैल को आशीष गौतम के खिलाफ छेड़छाड़, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपी कानपुर का रहने वाला है। उसकी तलाश की जा रही है।

### रंगदारी न मिलने पर व्यापारी को बंधक बनाकर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक इलाके में माफिया अतीक अहमद का गुर्गा बताकर व्यापारी से रंगदारी मांगी गयी। इंकार पर आरोपियों ने एक दर्जन साथियों संग व्यापारी को बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर चौक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वजीरबाग निवासी मोहम्मद फैसल व्यापारी हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को वह चौक टकसाल स्थित दुकान ग्राहक को दिखाने गए थे। आरोप है कि रंगदारी ने देने पर ठाकुरगंज दौलतगंज निवासी मोहम्मद रईस, सरताज, कल्लू ने करीब एक दर्जन अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को बंधक बना लिया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को बंधक मुक्त कराया। आरोप है कि रईस माफिया अतीक अहमद का खास गुर्गा बनाकर इलाके में दबंगई करता है। पीड़ित ने बताया कि यहियागंज निवासी कथित नेता नीरज गुप्ता आरोपियों के साथ अवैध वसूली करता है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# युवती का अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विकासनगर इलाके में रहने वाली 21वर्षीया युवती करीब दो माह से लापता है। उसकी काफी तलाश की गई। परिजन को कोई सुराग नहीं मिला। परिजन ने जिस कॉल सेंटर में काम करती थी। उसके दो कर्मचारियों सौम्या और साकिब पर अपहरण, धर्म परिवर्तन व शोषण करने का आरोप लगाते हुए विकासनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

विकासनगर निवासी व्यक्ति के मुताबिक उनकी 21वर्षीया बेटी गोमतीनगर इलाके के एक कॉल सेंटर में काम करती थी। पिछले कुछ समय से अपने सहकर्मियों सौम्या और साकिब के संपर्क में आने के बाद उसके व्यवहार और रहन-सहन में बदलाव और उसके विचारों में परिवर्तन हुआ। उसने परिवार से दूरी बनानी शुरू कर दी। परिजन ने नवंबर 2025 में उसकी नौकरी छुड़वा दी। मोबाइल भी ले लिया, ताकि वह सहकर्मियों से संपर्क न करे। 2 फरवरी को युवती अपनी नानी के घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली। इसके बाद से वापस ही नहीं आई। काफी तलाश किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजन का आरोप है कि एक आरोपी साकिब से पूछताछ की तो उसने गालियां और धमकी दी। परिजन ने बताया कि युवती अपने साथ घर के कीमती जेवर भी लेकर गई है। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। युवती की तलाश की जा रही है। धर्मपरिवर्तन की बिंदु पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूध उत्पादन कंपनी में ढाई करोड़ की हेराफेरी, दो पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स में कर्मचारियों ने किया घोटाला
- विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स में कर्मचारियों द्वारा ढाई करोड़ रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। वित्त एवं लेखा विभाग में कार्यरत वरुण अस्थाना और अनिल कुमार यादव लंबे समय से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर तैनात थे और उन्हें वित्तीय लेन-देन का पूरा अधिकार प्राप्त था। इसी विश्वास का लाभ उठाकर दोनों ने वर्ष 2019 से 2026 के बीच कंपनी की धनराशि का दुरुपयोग किया। फरवरी 2026 में ऑडिट के दौरान इस घोटाले का खुलासा हुआ। जानकारी होने पर कंपनी के सहायक प्रबंधक पीयूष चतुर्वेदी ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विभूतिखंड स्थित शालीमार कारपोरेट पार्क में कंपनी का कार्यालय है। पीयूष चतुर्वेदी के मुताबिक, दोनों कर्मचारियों ने विक्रेताओं और किसानों के भुगतान के नाम पर कंपनी के खाते से धनराशि निकालकर अपने परिवार और करीबियों के खातों में ट्रांसफर की। जांच में यह भी सामने आया कि करीब 390 विक्रेता खातों से परिवहन शुल्क के नाम पर लगभग 0.4 प्रतिशत राशि नियमित रूप से एक फर्जी खाते में भेजी जा रही थी, जिसे बाद में आरोपियों और उनके परिजनों के खातों में स्थानांतरित किया गया।

जांच में करीब 4.5 करोड़ रुपये से अधिक के गबन की पुष्टि हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया और आंशिक रूप से रकम वापस भी की। अनिल कुमार यादव ने 9.3 लाख रुपये और वरुण अस्थाना ने 3.5 लाख रुपये जमा कराए। इसके बाद अनिल यादव और उसके परिवार ने कंपनी से समझौता कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी वरुण अस्थाना फरार बताया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया कि किसानों के नाम पर बनाए गए कुछ खातों में वास्तविक लाभार्थियों के बजाय आरोपियों के बैंक खाते जुड़े थे। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर मां-बेटी व सहेली से की अश्लील हरकतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सआदतगंज कोतवाली में चार नामजद व 20 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** सआदतगंज इलाके बाइक में टक्कर मारने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा। विरोध में मां-बेटी और पड़ोसी युवती के साथ अश्लील हरकतें की। बाल पकड़कर घसीटा। मोहल्लेवालों के जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने चार नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च को उनका बेटा हजाराबाग स्थित एक साइबर कैफे गया था। सड़क किनारे बेटे की खड़ी बाइक में अंजान व्यक्ति ने गाड़ी से टक्कर मार दी। अंजान ने हर्जाना मांगा तो बेटा घर लौट आया। पीड़िता के मुताबिक अंजान व्यक्ति अयाज उर्फ बांके का चाचा है। कुछ देर बाद अयाज ने कॉल कर पीड़िता के बेटे को हर्जाना देने का झांसा देकर बुलाया। इसपर पीड़ित दोस्त के साथ वहां पहुंचा। आरोपी अयाज ने बाइक की चाभी निकाल ली। पीटने का प्रयास किया। इस पर पीड़ित भाग निकला। रात करीब सवा ग्यारह बजे आरोपी अयाज, उसके चाचा, साथी आदिल, दानिश, अफजल अपने 20 अन्य साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंच कर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव में आई पीड़िता, बेटी और पड़ोस में रहने वाली युवती के साथ आरोपियों ने अश्लील हरकतें की। महिलाओं को बाल पकड़कर घसीटकर पीटा। स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जान पर भारी-तीन सवारी



समता मूलक चौराहे से निशातगंज को जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पहने तीन युवकों को रोकने के बाद स्कूटी का चालान करती पुलिस।

# राज्यकर विभाग कस्टडी से कोयला लदा ट्रक गायब, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज बहुखंडी विधायक आवास के बाहर खड़ा था ट्रक




**अमृत विचार:** राज्यकर विभाग की ओर से जब्त किया गया कोयला लदा ट्रक बहुखंडी विधायक आवास से गायब हो गया। ट्रक पर 1.49 लाख रुपये का कोयला लदा था। राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहायक आयुक्त, सचल दल (चतुर्थ इकाई) राज्य कर विभाग रवीश कुमार सिंह के मुताबिक 30 मार्च 2026 को सुबह करीब 6:30 बजे किसानपथ पर रोड चेकिंग के दौरान ट्रक बीआर24जीसी9750 की जांच की। उसमें 1.49 लाख रुपये कीमत का करीब 41 हजार किलोग्राम कोयला लदा था। चालक से माल से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाया, जिससे ट्रक को कस्टडी में लेकर मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर कार्यालय पहुंचाकर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई। परिसर में स्थान कम होने के कारण ट्रक को बटलर कालोनी के पास बहुखंडी मंत्री आवास के पास सड़क पर खड़ा करा दिया गया। दूसरे दिन भौतिक सत्यापन के लिए चालक से संपर्क किया गया तो उसका उसका मोबाइल बंद था। मौके पर ट्रक भी नहीं मिला। राज्यकर अधिकारी के मुताबिक वाहन स्वामी, चालक, माल भेजने और प्राप्त करने वालों की मिली भगत से कर चोरी करने की मंशा से ट्रक को विभागीय कस्टडी से भगा दिया गया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक राज्यकर सहायक आयुक्त सचल दल रवीश कुमार सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बहुखंडी मंत्री आवास के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# किशोर से कुकर्म, शिकायत पर चाची को मारा चाकू, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** मड़ियांव में किशोर को बाइक से अगवा कर कुकर्म कर आरोपी ने वीडियो बनाकर धमकाया। विरोध करने पर मारपीट की गयी। मड़ियांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि आरोपी अनुज गुप्ता उर्फ आकाश गैंगेस्टर मड़ियांव के श्याम विहार कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी पेशे से रिक्शा चालक हैं। 3 अप्रैल को थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने मड़ियांव थाने में शिकायत की। बताया कि उनके 13 वर्षीय बेटे को अनुज जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले गया। सुनसान जगह पर उसके साथ कुकर्म किया। यही नहीं आरोपी ने मोबाइल पर वीडियो बनाते हुए शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी। विरोध पर पीटा। घर पहुंचकर किशोर ने आपबीती चाची को बतायी। चाची ने शिकायत की तो आरोपी ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। वार लगने से महिला घायल हो गयी। पुलिस ने तहरीर पर कुकर्म, गाली-गलौज, धमकी, हमला, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

### दामाद ने बुजुर्ग सास के हड़पे 10 लाख, दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग घसियारी मंड़ी निवासी 68 वर्षीय शिव देवी सोनकर ने बताया कि 5 जनवरी को उनके खाते में 11,04,589 रुपये थे। निजी कारणों से उन्होंने अपनी बेटी सोनी सोनकर के खाते में 11 लाख रुपये कुछ दिनों के लिए ट्रांसफर किए थे। 9 जनवरी को सोनी ने पीड़िता को एक लाख रुपये वापस थे। 22 जनवरी को सोनी का देहांत हो गया। तेरहवीं के बाद पीड़िता ने दामाद बैजनाथ निवासी राजेंद्रनगर से रुपये मांगे। इसपर वह धमकी देने लगा। पीड़िता ने डीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर कैसरबाग पुलिस ने बैजनाथ के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सक्रियता

दस लाख रुपये की सिगरेट की बरामद

# प्रतिबंधित ब्रांड की सिगरेट तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दस लाख की 3940 डिब्बी प्रतिबंधित ब्रांड सिगरेट और घटना में प्रयुक्त कार बरामद

**अमृत विचार:** पारा पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने शनिवार को अंतरराज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित ब्रांड की डुप्लीकेट सिगरेट की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से करीब दस लाख रुपये कीमत की 3940 डिब्बी प्रतिबंधित ब्रांड सिगरेट और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया कि जीरो प्वाइंट के पास से मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी शादाब अली और शोएब अली को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी लंबे समय से अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य के रूप में सक्रिय थे। आरोपियों ने पूछताछ में कबूला कि वे दिल्ली के सदर बाजार सहित अन्य स्थानों से नकली सिगरेट लाकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में सप्लाई करते थे। ग्राहक फोन के माध्यम से आर्डर देते थे और तय स्थान पर माल की डिलीवरी की जाती थी। बरामद सिगरेट को लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने बरामद वरना कार (एमपी07 सीएच 5106) को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



पकड़े गए सिगरेट तस्कर व बरामद माल। अमृत विचार

# आज 15 रंगकर्मियों का सम्मान, आठ दिन होंगे नाटक

## मुख्यमंत्री योगी सुबह 11 बजे राज बिसारिया प्रेक्षागृह में करेंगे भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आठ दिवसीय भारतेंदु नाट्य अकादमी का स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन रविवार को 11 बजे राज बिसारिया प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, नगर प्रमुख सुषमा खर्कवाल, सांसद दिनेश शर्मा और क्षेत्रीय विधायक मौजूद रहेंगे। इस दौरान योगी नाट्य जगत की विभूतियों को सम्मानित भी करेंगे। 12 अप्रैल तक चलने वाले इस समारोह में नाट्य संस्थाएं दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक नाटकों का मंचन करेंगी।

भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रति शंकर त्रिपाठी ने स्वर्ण जयंती समारोह 9 दिन चलेगा, लेकिन इसके बाद साल भर तक कार्यक्रम चलते रहेंगे। अकादमी के विद्यार्थी शहर में विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक करेंगे और लोगों को नाट्य विधा के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें भारतेंदु नाट्य अकादमी से जोड़ने का काम भी करेंगे। उन्होंने बताया कि अकादमी में 22 सीटें हैं, यहां 28 राज्यों से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। अकादमी के जीर्णोद्धार के साथ ही इसके प्रेक्षागृह भी बहुत शानदार हो गये हैं। अकादमी इन्हें बाहर के कार्यक्रमों के लिए किराये पर देगी लेकिन नाटकों के मंचन के लिए किराया कम रखा जाएगा ताकि रंगकर्मियों को दिक्कत न हो। प्रेस कांफ्रेंस में अकादमी के निदेशक विपिन कुमार भी मौजूद रहे।

### इन रंगकर्मियों का होगा सम्मान

- मुनीश सप्पल (मुम्बई), मंजू ब्रजनंदन शर्मा (सहारनपुर), डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी (प्रयागराज), डॉ. अजीत सैगल (वाराणसी), चित्र मोहन (प्रयागराज), राकेश पाण्डेय (भदोही), किरण बिसारिया (लखीमपुर), राकेश निगम (लखनऊ), पद्मश्री रामगोपाल बजाज (दिल्ली), आलोक पाण्डेय (शाहजहांपुर), अजय मलकानी (रांची), पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी (लखनऊ), रविशंकर खरे (गोरखपुर), कुशल दुबे (जौपुर) और प्रमोद सिंह राणा (आगरा)।

### चबूतरा थियेटर पाठशाला आज से

- **अमृत विचार, लखनऊ:** बच्चों और युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मदर सेवा संस्थान की ओर से संचालित चबूतरा थियेटर पाठशाला का शुभारंभ रविवार (5 अप्रैल) को सेक्टर-11, इंदिरा नगर स्थित वाल्मीकि पार्क (महामाया नगर) में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद भगत सिंह वार्ड (प्रथम) के पार्षद अरविंद यादव और विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी लखनऊ के पूर्व निदेशक पृथ्वीराज चौहान होंगे। इस अवसर पर राजेश पुजारी और रूपचंद वाल्मीकि भी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के विकास गौतम बच्चों को अभिनय की बारीकियों और उसके विभिन्न रूपों पर प्रशिक्षण देंगे। वहीं, सचिव महेश चंद्र देवा सुरीले गीतों से समां बांधेंगे। संस्थान की अध्यक्ष किरन लता ने बताया कि इस पाठशाला का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर कला को बढ़ावा देना है।

## रियल एस्टेट एजेंट पंजीकरण का यूजर मैनुअल जारी

**अमृत विचार,लखनऊ:** यूपी रेरा ने अपने वेब पोर्टल पर रियल एस्टेट एजेंट पंजीकरण के लिए यूजर मैनुअल जारी कर दिया है। जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और व्यावसायिकता को और मजबूती मिलेगी। आवेदकों को पोर्टल पर एजेंट लॉग-इन क्रेडेंशियल बनाने की प्रक्रिया समझाई गई है। इसके बाद इसमें मूल विवरण अपडेट करने के विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, जिनमें व्यक्तिगत आवेदक, स्वामित्व फर्म, साझेदारी फर्म, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप और कंपनियों जैसी विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया है।

## सिटी ब्रीफ

### मजदूरी बढ़ने से मिलेगी आर्थिक मजबूती

**अमृत विचार,लखनऊ:** सरकार ने दिहाड़ी मजदूरों को बड़ी राहत देते हुए अकुशल श्रमिकों की दिहाड़ी में 10 रुपये और कुशल श्रमिकों की दिहाड़ी में 14 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से भवन निर्माण, खेती-किसानी, ईंट-भट्ठा और अन्य श्रम आधारित कार्यों में लगे मजदूरों की आय में सुधार होगा। तेलीबाग निवासी मजदूर रामलाल ने बताया कि बढ़ी हुई दिहाड़ी से उनके परिवार के खर्चों में कुछ राहत मिलेगी। वहीं, कल्लू का कहना है कि महंगाई के इस दौर में यह बढ़ोतरी भले ही कम हो, लेकिन इससे दैनिक जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। रामू रावत ने उम्मीद जताई कि भविष्य में सरकार मजदूरी दरों में और बढ़ोतरी करेगी। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने बताया कि यह फैसला मजदूर वर्ग के लिए राहत भरा है, इससे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

### प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 23 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीएनबी की डिप्टी मैनेजर को प्लॉट दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने महिला से 23 लाख रुपये ऐंठ लिए। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साउथ सिटी निवासी डिप्टी मैनेजर नेहा त्रिवेदी ने बताया कि तेलीबाग स्थित गोमती विहार निवासी मिथलेश कुमार पाठक ने वर्ष 2023 में रायबरेली रोड के चरनभट्ठा रोड पर करीब 2200 वर्गफुट का प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया था। प्लॉट का सौदा करीब 28 लाख रुपये में तय हुआ। एग्रीमेंट के बाद मिथिलेश ने कई बार में 23 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि रजिस्ट्री के नाम पर पांच लाख रुपये और नकद मांगे।

### बीएलओ को भाजपा एजेंट बता किया हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज इलाके में बीएलओ को भाजपा एजेंट बताकर कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित महिला बीएलओ ने चार नामजद और एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बालागंज निवासी तारा शुक्ला विधानसभा उत्तर क्षेत्र बर्फखाना भाग संख्या-5 की बीएलओ हैं। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी को वह ठाकुरगंज इलाके में स्थित सेंट जोजफ स्कूल में एसआईआर संबंधित सुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान स्कूल में मुश्किम, हमजा बिलाल, निशार, पूजा शुक्ला व उनके 12 अन्य साथी घुस आए। आरोपियों ने बीएलओ पर भाजपा एजेंट का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। जिससे निर्वाचन संबंधित कार्य प्रभावित हुआ और पीड़िता की तबीयत बिगड़ गई। यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता तारा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



गोष्ठी में विचार रखते स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी जागरण मंच के सह संगठक सतीश कुमार, साथ में अन्य।

# स्वदेशी से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा

- वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर हुई संगोष्ठी में बोले सतीश कुमार
- संदीप बनाए गए स्वदेशी व्यापारी जुटान के राष्ट्रीय सह संयोजक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान, अवध प्रांत एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के दारुलशफा कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के सह संगठक सतीश कुमार ने कहा कि स्वदेशी के दम पर ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसलिए हमें भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए ज्यादा निर्यात करना है। मौजूदा परिस्थितियों का डट कर सामना करें हम इससे विजयी होंगे। उन्होंने बताया कि देश भर के व्यापारियों को एक मंच पर लाने के लिए स्वदेशी व्यापारी जुटान का गठन किया गया है जिसका राष्ट्रीय सह संयोजक अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल को बनाया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल और स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री अनुपम श्रीवास्तव, उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी आदि मौजूद रहे।



भाजपा नेता नीरज सिंह का स्वागत करते संजय गुप्ता व अन्य।

### व्यापारी विकास की धुरी : नीरज सिंह

- **अमृत विचार,लखनऊ:** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में "व्यापार एवं विकास संवाद "कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा व्यापारी विकास की धुरी है व्यापारियों के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह द्वारा व्यापारियों के हितों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और कार्यों को उल्लेखनीय बताया। कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार से उद्योग और कारोबार रफ्तार बना चुका है। व्यापारियों को इससे बड़ी सुविधा हो रही है। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापार और विकास एक दूसरे के पूरक हैं जब विकास होगा तो व्यापार बढ़ेगा और व्यापार होगा तो विकास होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, शशिकांत शर्मा, गुरप्रीत सिंह चड्ढा, संदीप सिंह गौड़, पवन जायसवाल, आसिफ किदवई, शेखर श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह सिंह, साकेत चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में कारोबारी मौजूद रहे।

# सच्चे मन की पुकार को प्रभु अनसुना नहीं करते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से राजाबाजार स्थित गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने ध्रुव चरित्र और बाल चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सबसे उत्तम कला है।

उन्होंने कहा कि ध्रुव का चरित्र हमें सिखाता है कि अगर संकल्प मजबूत हो और ईश्वर पर अटूट विश्वास हो, तो एक छोटा बालक भी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। आज की युवा पीढ़ी को ध्रुव जैसे दृढ़ संकल्पी बनने की आवश्यकता है।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। वे न तो धन-दौलत से रीझते हैं और न ही बड़े-बड़े प्रपंचों से। वे तो केवल शुद्ध और निश्छल प्रेम के वशीभूत होकर भक्त की पुकार सुनते हैं। इस अवसर पर लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय महिला समिति सुहासिनी की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी, मंत्री शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष ऋचा रस्तोगी, संगठन मंत्री क्षमा रस्तोगी मौजूद रहीं।


हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से आयोजित भागवत कथा में मौजूद महिलाएं।

### अदबी संस्थान की गजल गोष्ठी हुई

- **अमृत विचार, लखनऊ:** अदबी संस्थान ने शनिवार को गजल गोष्ठी का आयोजन किया। अदबी संस्थान के अध्यक्ष तरुण प्रकाश ने कहा कि गज़ल की प्रभावशीलता शायरी के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से चले आ रहे उर्दू शायरी के नियमों में कुछ बदलाव की गुंजाइश होनी चाहिए। मशहूर शायर सुहेल काकोरवी ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि जब से सोशल मीडिया का दौर आया है, उन लोगों की रुचि भी उर्दू शायरी और विशेषकर गज़ल में बढ़ गई है जो उर्दू से अपरिचित थे। फेसबुक और अन्य मंचों पर पोस्ट होने वाली गज़लों से पता चलता है कि न केवल गज़ल कहने का शौक बढ़ रहा है, बल्कि उन लोगों में भी उर्दू सीखने की जिज्ञासा जाग रही है जिनकी जीवनशैली में उर्दू शामिल नहीं थी। गोष्ठी में संजय मिश्रा शौक ने कहा मुझे वो मिल नहीं पाया तो कोई बात नहीं, मिरी दुआ है कि उसको कोई ज़रूर मिले। तरुण प्रकाश ने सुनाया ये दुनिया के चाल चलन और ये मेरा ईमान धरम, मुझ से इक्का दुक्का अब भी मिलते हैं बेमेल मियां। सुहैल काकोरवी का यह शेर पसंद किया गया मैं पास क्या गया कि वो ख़्वाबीदा जिस्म-ए-नाज़, इस तरह जाग उठा कि मुझे नींद आ गई। हसन काजमी की यह बानगी काबिल-ए-गौर रही रस्म-ए-वफ़ा यारों तुम भी तो निभा देना, मैं ख़ून बहा दूंगा तुम अश्क बहा देना। नाजिम बरेलवी ने कहा कोई ऐसा भी तो पैग़ाम आए, कि जो इंसानियत के काम आए। डॉ. मंसूर हसन खां ने कहा, अपने लहजे पर सुल्तानी करते हैं, साइल भी कैसी नादानी करते हैं। इरफ़ान लखनवी के इस शेर को खूब दाद मिली, दो मिस्रों में एक कहानी कह देना, काम कठिन है लेकिन शायर करते हैं। सलीम ताबिश का यह शेर खूब पसंद किया गया, मतलब परस्तियों के सदा जो रहे असीर, उनसे कभी हमारी तबीअत नहीं मिली।

## पंचतंत्र अनसेंसर्ड की कहानी का वाचन किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ बायोस्कोप की ओर से कैसरबाग स्थित सनतकदा में शनिवार को अड्डेबाजी के तहत पंचतंत्र अनसेंसर्ड का कहानी वाचन और इसका प्रदर्शन किया गया। यह प्रस्तुतिकरण वेलेंटीना त्रिवेदी और नितिन सुखीजा ने किया। इस प्रस्तुति में पंचतंत्र को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। लगभग 300 ईसा पूर्व विष्णु शर्मा द्वारा रचित प्राचीन भारतीय कथाओं के संग्रह जिसे बच्चों की कहानियों के रूप में जाना जाता है लेकिन मूल रूप से पंचतंत्र नीति, आचरण, राज्यकौशल और मानवीय व्यवहार की गहरी समझ प्रदान करने के लिए रचा गया था। वेलेंटीना त्रिवेदी ने कहा कि ये कहानियां केवल पशु कथाएं नहीं हैं। इन्हें राजकुमारों को शिक्षित करने और जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़ा ज्ञान देने के लिए लिखा गया था। उन्होंने कहा कि आज कई लोग यह भी नहीं जानते कि ये कहानियां पंचतंत्र का ही हिस्सा हैं। भारत में कहानियों का एक अत्यंत समृद्ध भंडार है, उन्होंने कहा कि ऐसी कहानियां जिनका ज्ञान शाश्वत है।

# त्वचा के दाग और जोड़ों का दर्द ल्यूपस के संकेत

- लोहिया संस्थान में ऑटोइम्यून बीमारियों पर हुआ सेमिनार
- डॉक्टरों ने समय पर पहचान और इलाज पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञों ने ऑटोइम्यून बीमारियों को लेकर चेतावनी दी। पैथोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नुजहत हुसैन ने कहा कि त्वचा पर दाग-धब्बे, बालों का झड़ना और जोड़ों में दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह ल्यूपस जैसी गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं।

डॉ. हुसैन ने बताया कि ल्यूपस न सिर्फ त्वचा बल्कि लिवर, किडनी और दिल को भी प्रभावित कर सकता है। यह बीमारी पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक पाई जाती है और कम उम्र में ही उन्हें अपनी चपेट में ले लेती है। समय पर पहचान और नियमित जांच से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाइपोथायरॉइडिज्म के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे कमजोरी और बाल झड़ने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। सही समय पर पहचान होने पर डॉक्टर की सलाह से स्टेरॉयड दवाओं के जरिए बीमारी को काबू में लाया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऑटोइम्यून विकार तब होते हैं जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता खुद ही शरीर की कोशिकाओं पर हमला करने लगती है। इससे सूजन, अंगों को नुकसान और कई तरह की जटिल समस्याएं पैदा हो सकती हैं। डॉ. सिद्धार्थ दत्ता गुप्ता ने ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस और सामान्य हेपेटाइटिस के बीच अंतर समझाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की पहचान जटिल होती है और समय पर इलाज न मिलने पर लिवर फेल तक की स्थिति बन सकती है, जिससे लिवर ट्रांसप्लांट की नौबत आ सकती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि इस तरह के सेमिनार डॉक्टरों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का बेहतर माध्यम हैं, जिससे नई तकनीकों की जानकारी मिलती है और मरीजों को बेहतर इलाज मिल पाता है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, डीन डॉ. प्रदुमन सिंह समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

## सिटी डायरी


सेवा शिविर में उपस्थित डिपो समाचार पत्र वितरक।

### हनुमत् जन्मोत्सव पर लगाया नि:शुल्क सेवा शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमत् जन्मोत्सव के अवसर पर नि:शुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रकाश स्टोर, सराय माली खां, चौपटिया रोड पर लगाया गया, जिसमें ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ कार्ड और ई-पैन कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार वर्मा व आसिम मार्शल प्रदीप द्वारा किया गया। आचार्य राजेश शुक्ल ने पार्षद सीबी सिंह से हनुमान जी का पूजन करवाया। शिविर में प्रदीप कुमार वर्मा, सुनील शुक्ला, मनीष रस्तोगी पार्षद, अंकुर दीक्षित, अरुण रस्तोगी, रिद्धि किशोर गौड़, मनोज तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, संकेत मिश्रा, अभय रस्तोगी, मो असद कुरैशी, मो ज़ैद, दिनेश चंद्र कश्यप, सुनील कश्यप आदि उपस्थित रहे।


भूमिपूजन कराते बटुक और आचार्य।

### बंधा मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सीतापुर रोड से पक्का पुल बंधा मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विशेष कार्याधिकारी राघवेंद्र शुक्ल, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने भूमि पूजन किया। 21 बटुक ब्राह्मणों और पांच आचार्यों ने पूजन संपन्न कराया। लगभग 45 करोड़ रुपये की इस परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण क्रियान्वित करेगा। विधायक बोरा ने बताया कि अभी ये सड़क 5 मीटर चौड़ी होने के कारण भीषण जाम लगता है। अब इसे डिवाइडर सहित 14 मीटर चौड़ा किया जाएगा, जिससे त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज और अयोध्यादास नगर सहित आसपास के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।


यात्रा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय व अन्य।

### जनजागरण यात्रा से दिया संदेश

**अमृत विचार,लखनऊ:** जागो हिंदू जागो जनजागरण यात्रा लेकर निकले विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों ने लोगों को जागरूक कर हिंदू एकता का संदेश देने में जुटे हैं। अभियान का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और संगठित करने का सशक्त माध्यम है। उनका मानना है कि जब तक समाज एकजुट और जागरूक नहीं होगा, तब तक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। लुधियाना से शुरू होकर यात्रा दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा होते हुए लखनऊ पहुंची। यहां से सुल्तानपुर के रास्ते जौनपुर की ओर जाएगी। मनीष राय, अंकुर सिंह, निखिलेन्द्र मोहन रस्तोगी, राघवेंद्र राय शामिल रहे।



प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बस में बैठाते पुलिसकर्मी।

### सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार,लखनऊ:** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पंचायत चुनाव की तारीख घोषित करने की मांग को लेकर हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर गाड़ियों से इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनाव टालने से उम्मीदवारों में असमंजस और घबराहट का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी है।

संगठन

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने दिलाई शपथ

# होली मिलन में नवयुवक इंद्रलोक व्यापार मंडल ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवयुवक इंद्रलोक व्यापार मंडल ने विजय नगर के टेक्निकल हाई स्कूल विद्यालय में शनिवार को शपथ ग्रहण और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अध्यक्ष कमलेश कुमार यादव, वरिष्ठ महामंत्री जॉनटी स्टीफन बडन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राजेश आर्या, कोषाध्यक्ष हरिकेश शर्मा, राजेश प्रसाद लोधी, महामंत्री राजेश जायसवाल संरक्षक डॉ अशोक कुशवाहा, मीडिया प्रभारी जावेद अली, प्रभारी ललित कुमार उपाध्यक्ष, रामसनेही यादव प्रचार मंत्री, रविकांत यादव संयुक्त मंत्री, राजेश कुमार संगठन मंत्री, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, प्रभारी दीपक श्रीवास्तव, प्रभारी सिद्धार्थ सोनी, विधिक सलाहकार राजू दास, संगठन मंत्री अभिषेक तिवारी को शपथ दिलाई।

चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सविता गोयल मौजूद रहे। सुप्रसिद्ध गायक जाहिद जी, जौटी स्टीफन बडन और कीर्ति वाजपेई ने गीत प्रस्तुत किए।


शपथ ग्रहण समारोह में अमरनाथ मिश्रा और चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल के साथ नवगठित इकाई व अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### बाल तरणताल में बच्चों के लिए तैराकी प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में तैराकी प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई है। लंबे इंतजार के बाद खुले इस प्रशिक्षण केंद्र में पहले ही दिन बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रशिक्षण के पहले दिन जैसे ही फॉर्म वितरण प्रक्रिया शुरू हुई, आवेदकों की लंबी लाइन लग गई। प्रशिक्षकों के अनुसार करीब 150 अभिभावक अपने बच्चों के दाखिले के लिए पहुंचे, लेकिन बेहतर अनुशासन और प्रशिक्षण व्यवस्था बनाए रखने के लिए केवल 55 फॉर्म ही वितरित किए गए। प्रशिक्षक सतीश यादव ने बताया कि इस बाल तरणताल में 4 से 10 वर्ष तक के बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रवेश के लिए बच्चे का आधार कार्ड और मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य किया गया है। फिलहाल प्रशिक्षण का समय सोमवार से शाम 4 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि आवेदकों की संख्या में बढ़ोतरी होती है तो बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह और शाम के अतिरिक्त बैच भी शुरू किए जा सकते हैं।

### डीफार्मा छात्रों ने अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का किया भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ के डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों ने शनिवार को अलीगंज स्थित अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य भावी फार्मासिस्टों को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यावहारिक कार्यप्रणाली से रूबरू कराना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने ओपीडी सेवाओं, रोगी पंजीकरण, दवा वितरण प्रणाली और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोइन अहमद से संवाद किया, जिन्होंने टीकाकरण के महत्व और बच्चों में होने वाले सामान्य रोगों के प्रबंधन पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण की कमान कोऑर्डिनेटर डॉ. सौम्या सिंह और सहला परवीन ने संभाली। छात्रों के अनुसार, इस अनुभव से उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को धरातल पर समझने का अवसर मिला।

### सेवा सुरक्षा बहाली महारैली में शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के हजरतगंज स्थित नेशनल इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'एकजुट' की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 6 अप्रैल को होने वाली प्रदेश स्तरीय महारैली की रणनीतियां तैयार करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने शिक्षकों के भविष्य और उनके अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने आगामी 6 अप्रैल को लखनऊ के ईको गार्डन में आयोजित होने वाली 'सेवा सुरक्षा बहाली महारैली' को ऐतिहासिक बनाने का आवाहन किया। संगठन के जिला अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद ने लखनऊ जनपद की सभी इकाइयों को सक्रिय करते हुए रैली में अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में रमेश कुमार (जिला मंत्री), मनोज कुमार (कोषाध्यक्ष), डॉ. एम. पी. सिंह, रावेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# शकुंतला विवि को 1.68 करोड़ देगी संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष एजेंसी यूएनआईडीओ (यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) कृत्रिम अंग निर्माण के लिए अनुदान देने जा रही है। यह अनुदान इंस्टालिंब संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में इंस्टालिंब के वाइस प्रेसिडेंट जापान से आए ताकायुकी तनाका ने कुलपति आचार्य संजय सिंह से मुलाकात की। विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं और कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने 1 करोड़ 68 लाख रुपए की अत्याधुनिक मशीनों और तकनीक उपलब्ध कराने पर सहमति जताई।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि जल्द ही इंस्टालिंब से एमओयू साइन होने के बाद विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में एक आधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब स्थापित की जाएगी। इस लैब के जरिए घुटने के नीचे और घुटने के ऊपर कटे हुए अंग वाले दिव्यांगजनों को मुफ्त अत्याधुनिक तकनीक से कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे।



कुलपति संजय सिंह से मुलाकात करते जापान से आए इंस्टालिंब के वाइस प्रेसिडेंट ताकायुकी तनाका।

- कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में स्थापित होगा अत्याधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब, बनेंगे कृत्रिम अंग
- जापान की महत्वपूर्ण संस्था इंस्टालिंब के माध्यम से मिलेगा अनुदान, जल्द होगा एमओयू

इस परियोजना के तहत मशीनों का इंस्टॉलेशन, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन, ऑपरेशनलाइजेशन और तकनीक को अकादमिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। साथ ही, एक वर्ष तक संस्था की ओर से ट्रेनर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय का स्टाफ पूरी तरह प्रशिक्षित हो सके।

#### चार चरणों में लाभ मिलेगा

- मशीनों का इंस्टॉलेशन
- विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण
- सर्टिफिकेशन और ऑपरेशनलाइजेशन
- अकादमिक पाठ्यक्रम में तकनीक का समावेश

विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि यूएनआईडीओ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था पहली बार हमें इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सहयोग दे रही है। इंस्टालिंब के साथ होने वाला यह समझौता दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा। थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से हम अधिक गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग उपलब्ध करा सकेंगे, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी यह बड़ी पहल साबित होगी।"

—आचार्य संजय सिंह, कुलपति, डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

**विवि को एक वर्ष तक मिलेंगे ट्रेनर :** एक वर्ष तक इंस्टालिंब की ओर से प्रशिक्षित ट्रेनर विश्वविद्यालय में मौजूद रहेंगे, जिससे यहां के कर्मचारी पूरी तरह दक्ष बन सकेंगे। यह पहल कृत्रिम अंगों की गुणवत्ता और संख्या दोनों में सुधार लाएगी। विश्वविद्यालय को मिलने वाली यह सुविधा दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगी।

# आरईपीएल क्रूसेडर्स और अखिल इंफ्रा बने संयुक्त विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बारिश और पिच विवाद के चलते अधूरा रहा फाइनल मुकाबला
- दोनों टीमों की सहमति से साझा विजेता घोषित

**अमृत विचार :** 21वीं बीबीडी ए डिवीजन क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला विवाद और खराब मौसम के कारण अधूरा रह गया, जिसके चलते आरईपीएल क्रूसेडर्स और अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड पर खेले जा रहे इस दो दिवसीय फाइनल मैच का दूसरा दिन गीली पिच के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा। इससे पहले पहले दिन अखिल इंफ्रा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। आरईपीएल क्रूसेडर्स ने शाश्वत पांडे (54 रन) और प्रिंस मौर्या (28 रन) की पारियों की बदौलत 76.4 ओवर में 184 रन बनाए। अखिल इंफ्रा की ओर से शाश्वत कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 20 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट झटके और मैच में अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में अखिल इंफ्रा ने पहली पारी में एक ओवर खेलकर बिना विकेट खोए 1 रन बना लिया था, लेकिन इसके आगे खेल नहीं हो सका। मैच में शानदार प्रदर्शन के



लिए शाश्वत कृष्णा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में आरईपीएल के शुभम चौबे ने 524 रन बनाकर बेस्ट बैटर का खिताब जीता, जबकि सजल वर्मा ने 19 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर का पुरस्कार हासिल किया। ध्रुव एकेडमी के अंश यादव को 476 रन और 15 विकेट के शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया।

**पिच विवाद के चलते नहीं खेला गया मैच:** फाइनल मुकाबले के दौरान पिच को लेकर विवाद भी सामने आया। पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। दूसरे दिन खेल पूरा हुआ, लेकिन तीसरे दिन पिच की मरम्मत (पैच वर्क) नियमों के विपरीत किए जाने का आरोप लगा। बताया गया कि ग्राउंड्समैन की ओर से गलत तरीके से किए गए पैच वर्क के कारण आरईपीएल टीम ने खेलने से इंकार कर दिया। अंपायरों के अनुसार, मरम्मत के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जानकारी के अभाव में कार्य सही ढंग से नहीं हुआ। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तानों और अधिकारियों की सहमति से संयुक्त विजेता घोषित करने का निर्णय लिया गया। सीएएल के सचिव केएम खान ने बताया कि फाइनल तीन दिवसीय होना था, लेकिन मौसम और परिस्थितियों के कारण मैच पूरा नहीं हो सका।

**संतोष सूरी को दी श्रद्धांजलि:** शनिवार को मैच के दौरान वरिष्ठ खेल पत्रकार और खिलाड़ी संतोष सूरी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। खिलाड़ियों और अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सीएएल सचिव के अनुसार, संतोष सूरी ने वर्षों तक पत्रकारों की टीम का नेतृत्व एक कुशल मीडियम पेस गेंदबाज के रूप में किया था।



अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के पोस्टर का विमोचन करते सांसद व महाविद्यालय के प्रबंधक उज्जवल रमण सिंह साथ में अन्य। अमृत विचार

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : नेशनल पीजी कॉलेज में जुटेंगे दिग्गज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत पर देश-विदेश के विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**अमृत विचार:** नेशनल पीजी. कॉलेज में 6 से 8 अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत को लेकर मंथन करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय रीइमेजिंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड गवर्नेंस इंडियन नॉलेज सिस्टम विजन विकसित भारत 2047 निर्धारित किया गया है। शनिवार को सांसद और महाविद्यालय के प्रबंधक उज्जवल रमण सिंह और शिक्षकों ने पोस्टर विमोचन किया।

सम्मेलन का आयोजन 6 अप्रैल को दस बजे से प्रारंभ होगा। प्रमुख अतिथियों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील देवधर शामिल रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो. एसपी सिंह, प्रो. विवेक पांडेय, डॉ. भारत ठाकुर व प्रो. एमएम. गोयल उपस्थिति रहेंगे। प्रो. सुभाष सी. चौहान (यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, अमेरिका) ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। डॉ. तमता लेकिसिवली यूनिवर्सिटी ऑफ़ जॉर्जिया से भी अंतर्राष्ट्रीय वक्ता के रूप में सहभागिता करेंगी।

उद्घाटन सत्र के पश्चात तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शोधार्थी एवं विशेषज्ञ अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# केजीएमयू में मारपीट, गेट नंबर-2 पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हड्डी रोग विभाग में डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। पहली अप्रैल को हुए विवाद के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में तीमारदार और अन्य लोग केजीएमयू परिसर में गेट नंबर-2 के पास जुट गए और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कुलपति का पुतला दहन करने की कोशिश की, जिससे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया।

**यह है मामला :** लखनऊ निवासी उपकार हड्डी के ऑपरेशन के बाद फॉलोअप के लिए ओपीडी पहुंचे थे, जहां डॉ. कुमार शांतनु ने उन्हें परामर्श दिया। डॉक्टर को दिखाने के बाद जब तीमारदार मरीज को लेकर गाड़ी निकाल रहे थे, उसी दौरान एक वरिष्ठ डॉक्टर को ट्रॉमा सेंटर जाना था और उन्होंने वाहन हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

शनिवार को इस घटना के विरोध में तीमारदारों के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राम लखन वर्मा के पुत्र संजीत सिंह पटेल अपने समर्थकों के साथ केजीएमयू पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों और


केजीएमयू में गेट नंबर-2 पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

- तीमारदारों का प्रदर्शन, कुलपति का पुतला फूंकने की कोशिश
- जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया। साथ ही पूर्व मंत्री की पत्नी के साथ भी दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मामले की पुलिस जांच चल रही है और विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


केजीएमयू में गाड़ी हटाने को लेकर डॉक्टर-तीमारदार भिड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू के हड्डी रोग विभाग में बुधवार को गाड़ी निकालने को लेकर डॉक्टर और तीमारदार में झड़प हो गई। डॉक्टर से बदसलूकी के बाद भड़के कर्मचारियों ने तीमारदार को पिट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

लखनऊ निवासी उपकार ऑपरेशन के बाद डॉक्टर को दिखाने गए थे। ओपीडी में मौजूद डॉ. कुमार शांतनु ने उन्हें देखा और सलाह दी। मरीज को लेकर बाहर निकले तीमारदार गाड़ी निकालने लगे। एक वरिष्ठ

सड़क पर लेटकर किया प्रदर्शन

- हंगामा व मारपीट की घटना स्थल पर मौजूद अजित सिंह पटेल ने खुद एक पार्टी का जिला मंत्री बताते हुए हंगामा किया। केजीएमयू हड्डी रोग विभाग के गेट के सामने सड़क पर लेट गए। उन्होंने कहा कि मुझे कर्मचारियों ने पीटा। जब तक हमला करने वाले कर्मचारियों

अमृत विचार में गुरुवार के अंक में प्रकाशित खबर। अमृत विचार



राज्यपाल से मिलने पहुंचे जीत कुने डो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि। अमृत विचार

# राज्यपाल से मिला जीत कुने डो एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीत कुने डो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर पैरा मार्शल आर्ट्स के प्रोत्साहन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान राज्यपाल ने पैरा मार्शल आर्ट्स को अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बताते हुए इसके विकास के लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है और ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के दिव्यांगजनों को मार्शल आर्ट और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। संस्था यह भी प्रयासरत है कि दिव्यांग खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल दिव्यांगजनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके भीतर शारीरिक और मानसिक आत्मविश्वास का भी विकास होगा। मुलाकात के दौरान एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपिका शर्मा, महासचिव सुधीर कुमार शर्मा, जिला सचिव संजय श्रीवास्तव और लखनऊ के तकनीकी निदेशक अतुल कृष्ण देव प्रमुख रूप से मौजूद रहे। राज्यपाल ने एसोसिएशन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रसायनों की तकनीक और औषधि डिजाइन पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा रिसेंट डेवलपमेंट इन केमिस्ट्री विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह की प्रेरणा से हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शोधार्थियों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सीएसआईआर-सीडीआरआई के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार शुक्ला ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में रसायन शास्त्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, बीबीएयू के डॉ. शैलेश कुमार ने 'ग्रीन एसिड कैटालिसिस' और सतत रसायन विज्ञान पर अपने शोध विचार साझा किए। मुख्य अतिथि, लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. ए.के.एस. चौहान ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुसंधान के क्षेत्र में भाषा, विशेषकर ग्रामीण छात्रों के लिए बाधा नहीं बननी चाहिए।

# ऑरेंज, मेवरिक्स व सुपर किंग्स जीतीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंडर-13 प्रतियोगिता में तीनों टीमों का दमदार प्रदर्शन
- हम्माद फैसल की तूफानी पारी और दृश्य पाल की घातक गेंदबाजी रही आकर्षण

**अमृत विचार :** एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के अंतर्गत खेली जा रही रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को ऑरेंज, मेवरिक्स और सुपर किंग्स की टीमों ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। ब्लेज विलो ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीएएल यूनिकॉर्न ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में सीएएल ऑरेंज ने विशेष सिंह के नाबाद अर्धशतक (53 रन) की बदौलत 19 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दृश्य पाल को मैन ऑफ द मैच मिला।

यश साहनी ग्राउंड पर सीएएल एलीट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 169 रन बनाए। विशेष तिवारी नाबाद (33) और समीर खान नाबाद (30) ने अहम योगदान दिया, जबकि मेवरिक्स की ओर से योगेश सिंह ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल मेवरिक्स के मोहम्मद हम्माद फैसल ने मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात कर दी। एसएमआर ग्राउंड पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में सीएएल वॉरियर्स ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में सीएएल सुपर किंग्स ने यशार्थ दीप मिश्रा की 44 रनों की शानदार पारी की मदद से 16.4 ओवर में 5 विकेट खोकर 138 रन बना लिए और मैच अपने नाम किया। यशार्थ दीप मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सूक्ष्म भूकंपीय सेंसर तकनीक से होगी भूकंप की सटीक पहचान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की 'भौतिकी सोसायटी' द्वारा भूकंप की पहचान हेतु सक्रिय भ्रंशों की सूक्ष्म भूकंपीय संवेदक आधारित निगरानी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (शिलांग) के भूभौतिकीविद् और विश्वविद्यालय के शोधार्थी मयंक शुक्ला ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक 'माइक्रो-सीस्मिक सेंसिंग' (सूक्ष्म भूकंपीय संवेदन) तकनीकों का उपयोग करके सक्रिय भ्रंश क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी सोसायटी की समन्वयक प्रो. लीना सिन्हा तथा सह-समन्वयक प्रो. ज्योत्सना सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के तकनीकी व्याख्यान भविष्य के शोधार्थियों को भूकंपीय खतरों को समझने और उनके समाधान खोजने की दिशा में नई दृष्टि प्रदान करते हैं।

# एआई जागरूकता अभियान तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए मिशन कर्मयोगी 'साधना सप्ताह' को सफल बनाने के लिए मंडल के माध्यमिक शिक्षा परिषद ने तैयारी शुरू कर दी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय गूगल मीट में मण्डल के सभी छह जिलों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि इसका मुख्य उद्देश्य लखनऊ मण्डल से अधिकतम कार्मिकों और विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और हरदोई के जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अधीनस्थ कार्मिकों द्वारा ऑनलाइन कोर्स को समय से पूर्ण कराया जाए। कोर्स पूर्ण होने के बाद 'एआई दक्ष सर्टिफिकेट' अनिवार्य रूप से डाउनलोड किया जाए।

#### महत्वपूर्ण तिथियां

- नामांकन की अंतिम तिथि : 7 अप्रैल 2026
- ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत : 15 अप्रैल 2026 (60 दिनों तक विंडो खुली रहेगी)

**विद्यार्थियों के लिए एआई अवेयरनेस प्रोग्राम:** मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि निःशुल्क 'एआई जागरूकता प्रोग्राम 2026' के तहत कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं का बड़े पैमाने पर नामांकन किया जा रहा है। जेडी लखनऊ ने सभी जनपदीय कार्यालयों को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।